महरौली पुलिस स्टेशन के अधीन भूमि का अधिग्रहण

3449. श्री गोपाल सिंह जी सोलंकी : क्या **शहरी विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि महरौली पुलिस स्टेशन के अंतर्गत आने वाली ग्राम सभा की बहुत सी भूमि पर कब्जा करने के बाद उसे बेच दिया गया है ;

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है;

(ग) इस संबंध में सरकार ने क्या कार्यवाही की है; और

(घ) उन अधिकारियों के नाम क्या है जिनके विरुद्ध ऐसी कार्यवाही की गई है ?

शहरी विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एम० अरूणाचलम) : (क) से (घ) सूचना एकत्र की जा रही है तथा सभापटल पर रख दी जाएगी।

हिमाचल प्रदेश में मल व्ययन योजना

3450. श्री महेश्वर सिंह : क्या **शहरी विकास** मंत्री 8 मई, 1992 को राज्य सभा में अतारांकित प्रश्न 1572 के दिये गये उत्तर को देखेंगे और यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मल व्ययन परियोजना सहित अन्य शहरी विकास परियोजनाओं के संबंध में सचिव, शहरी विकास मंत्रालय ने हिमाचल प्रदेश सरकार के अधिकारियों के साथ किन-किन क्षेत्रों का दौरा किया और इस दौरान कौन-कौन सी परियोजनाओं के बारे में चर्चा की गई ;

(ख) क्या उस दौरे के पश्चात हिमाचल प्रदेश सरकार ने कतिपय परियोजनाओं को केन्द्र सरकार के पास आर्थिक सहायता के अनुरोध के साथ भेजा है; और

(ग) यदि हां, तो उन परियोजनाओं के नाम क्या हैं ?

शहरी विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एम० अरूणाचलम) : (क) सचिव, शहरी विकास मंत्रालय ने कुल्लू का दौरा किया था तथा विश्व बैंक की सहायता के लिए हिमाचल प्रदेश शहरी विकास परियोजना और हिमाचल प्रदेश के छोटे तथा मध्यम दर्जे के कस्बों की एकीकृत विकास की योजना पर राज्य सरकार के अधिकारियों के साथ विचार-विमर्श किया था।

(ख) जी, नहीं।

(ग) प्रश्न नहीं उठता।

केन्द्रीय मंत्रिपरिषद के सरकारी आवासों का कुल क्षेत्र

3451. श्री अनन्त राम जायसवाल : क्या **शहरी विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) केन्द्रीय मंत्रिपरिषद् के प्रत्येक सदस्य का सरकारी आवास कुल कितने वर्ग मीटर क्षेत्र में बना हुआ है

(ख) सरकारी आवासों में रह रहे पूर्व मंत्रियों और पूर्व सांसदों के नाम क्या हैं और उनमें से प्रत्येक का आवास कुल कितने वर्ग मीटर क्षेत्र में बना हुआ है; और

(ग) प्रत्येक से कितना किराया वसूल किया जा रहा है ?

शहरी विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एम० अरूणाचलम) : (क) भूमि क्षेत्र वर्गमीटरों में जिस पर मंत्रिपरिषद् के प्रत्येक सदस्य का सरकारी वास बना